# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी (राजस्व) भादरा, जिला हनुमानगढ़
## पीठासीन अधिकारी :– श्री कल्पित शिवरान आर.ए.एस.

प्र0नं0 – 03/2025

नवान : –

1. अमरसिंह पुत्र टीकूराम जाति जाट निवासी नेठराना तहसील भादरा।

:–प्रार्थी

बनाम

1. राधेश्याम पुत्र टीकूराम जाति जाट निवासी नेठराना तहसील भादरा।
2. शारदा देवी पत्नी धर्मेन्द्र जाति कुम्हार निवासी नेठराना तहसील भादरा।
3. आईसीआईसीआई बैंक शाखा सरदारगढ़िया तहसील भादरा।
4. हनुमानगढ़ सहकारी भूमि विकास बैंक शाखा नोहर जरिये शाखा प्रबंधक।

:–अप्रार्थीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 251ए
आरटीएक्ट सपठित धारा 8(2) राज0 कॉल0 ए

उपस्थिति :– श्री पवन सिहाग प्रार्थी
श्री रामचन्द्र बैनीवाल अप्रार्थीगण

निर्णय दिनांक: 5/7/2025

संक्षेप में प्रार्थना के तथ्य इस प्रकार है कि रोही मौजा चक 3 एनटीआर के खाता सं0 243/3 के मु0 न0 97 के किला न0 2/1, 13, 14/1, 17/1, 18, 19 कुल रकबा 1.113है0 नहरी बारानी कृषि भूमि प्रार्थी के नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज है।

प्रार्थी के चिपते हुए प्रार्थी की कृषि भूमि के उत्तरी तरफ अप्रार्थी सं0 1 की चक 3 एनटीआर के खाता सं0 244/3 के मु0 न0 97 के किला न0 8/1, 9, 12/2, 14/2, 15/1, 16/1, 17/2, 24 कुल 1.114है0 बारानी नहरी कृषि भूमि अप्रार्थी सं0 1 राधेश्याम के नाम एवं अप्रार्थी सं0 1 राधेश्याम के चिपते हुए उत्तरी ओर रोही चक 3 एनटीआर के खाता सं0 168/153 के मु0 न0 97 के किला न0 2 ता 5 प्रत्येक किला की 0.253है0 कुल रकबा 1.012है0 नहरी बारानी कृषि भूमि अप्रार्थी सं0 2 शारदा के नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज है।

प्रार्थी अपनी कृषि भूमि में अप्रार्थी सं0 1 राधेश्याम के मु0 न0 97 के किला न0 9 में किला के पश्चिमी साईड एवं किला न0 12/2 में किला के पश्चिमी साईढ किला लाईन के पास पास उत्तर से दक्षिण एवं उसके बाद अप्रार्थी सं0 2 शारदा देवी के नाम मु0 न0 97 के किला न0 4 में किला न के पश्चिमी साईड रास्ता से दक्षिण आवागमन करता आ रहा है। प्रार्थी उक्त रास्ता का उपयोग उपभोग करता आ रहा है परन्तु उक्त रास्ता का राजस्व रिकार्ड में अंकन दर्ज नहीं हे प्रार्थी के लिए उक्त रास्ता निकटतम एवं सुविधाजनक है। उक्त रास्ता के अलावा प्रार्थी के पास अन्य कोई वैकल्पिक रास्ता नहीं है इसलिए प्रार्थी अप्रार्थी सं0 1 राधेश्याम की चक 3 एनटीआर के मु0 न0 97 के किला न0 9 के पश्चिमी साईड किला लाईन के पास पास 3 बिस्वा चौडाई में 01 बिस्वा लम्बाई में यानि 0.039है0 उत्तर से दक्षिण एवं किला न0 12/2 में किला के पश्चिमी साईड किला लाईन के पास पास 3 बिस्वा चौडाई में 33 फीट यानि 04 बिस्वा भूमि की लम्बाई में यानि 0.

Signature Not Verified
Digitally signed by Kalpit Shivran
Date: 2025.08.07 12:20:40 IST
Reason: Self Attested

78है0 उत्तर से दक्षिण एवं अप्रार्थीया सं0 2 शारदा देवी की कृषि भूमि चक 3 एनटीआर मु0 न0 97 के किला न0 2 में किला के पश्चिमी साईड किला लाईन के पास पास 3 बिस्वा चौडाई में 01 बिस्वा लम्बाई यानि 0.039है0 भूमि उत्तर से दक्षिण रास्ता स्वीकृत रास्ता पाने का अधिकारी है। अप्रार्थीगण ने प्रार्थीगण को धमकी दी है कि हमारी खातेदारी से कोई रास्ता स्वीकृत रास्ता नही है इसलिए हम इस रास्ता को बंद कर रहे है यदि अप्रार्थीगण अपनी खातेदारी में उक्त रास्ता बंद कर देते है तो प्रार्थीगण अपनी खातेदारी में आवागमन नहीं कर पायेंगे तथा प्रार्थीगण की खातेदारी आवागमन के अभाव में काश्त से वंचित रह जायेगें। इसलिए प्रार्थी अपनी उक्त कृषि भूमि में जाने के लिए सदामत से ही चालू उक्त रास्ता का अंकन राजस्व रिकॉर्ड स्वीकृत करवाने हेतु यह प्रार्थना पत्र पेश किया है।

प्रार्थना पत्र पेश होने पर दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी को जरिये सम्मन तलब किया गया। सम्मन तामिल होने के बाद प्रार्थी एवं अप्रार्थीगण ने सं0 1 ता 2 ने आपसी सहमति से राजीनामा पेश किया। व अप्रार्थी सं0 3 व 4 की तामिल जरिये रजिस्टर्ड डाक से करवाई गई व अप्रार्थी सं0 3 व 4 की और से प्रार्थी को कोई अनुतोष नहीं चाहा हैव तहसीलदार राजस्व भादरा से रिपोर्ट प्राप्त की गई।

बहस वकील उभयपक्षकारान सुनी गई। दौराने बहस वकील प्रार्थी ने कथन किया कि प्रार्थी व अप्रार्थीगण सं0 1 ता 2 अपने-अपने हिस्से अनुसार अपनी-अपनी कृषि भूमि काश्त कर रहे है। प्रार्थी अप्रार्थी सं0 1 राधेश्याम की चक 3 एनटीआर के मु0 न0 97 के किला न0 9 के पश्चिमी साईड किला लाईन के पास पास 3 बिस्वा चौडाई में 01 बिस्वा लम्बाई में यानि 0.039है0 उत्तर से दक्षिण एवं किला न0 12/2 में किला के पश्चिमी साईड किला लाईन के पास पास 3 बिस्वा चौडाई में 33 फीट यानि 04 बिस्वा भूमि की लम्बाई में यानि 0.0078है0 उत्तर से दक्षिण एवं अप्रार्थीया सं0 2 शारदा देवी की कृषि भूमि चक 3 एनटीआर के मु0 न0 97 के किला न0 2 में किला के पश्चिमी साईड किला लाईन के पास पास 3 बिस्वा चौडाई में 01 बिस्वा लम्बाई यानि 0.039है0 भूमि उत्तर से दक्षिण रास्ता का उपयोग करता है। परन्तु उक्त किलाजात में राजस्व रिकार्ड में रास्ता स्वीकृत नहीं है। इसलिए उक्त रास्ता राजस्व रिकार्ड मे दर्ज करवाने के लिए पक्षकारान ने सहमति प्रकट कर रास्ता का अंकन किया जाना स्वीकार किया है । इसलिए प्रार्थना पत्र स्वीकार किये जाने का निवेदन है।

हमारे द्वारा अभिभाषकगण की बहस पर मनन किया गया। पत्रावली में प्रस्तुत दस्तावेजों एवं राजीनामा का अवलोकन किया गया। चूंकि प्रस्तावित रास्ता की भूमि के एवज में प्रार्थी रास्ता की भूमि के बदले अप्रार्थी को देगा व अप्रार्थी सं0 1 रास्ता की भूमि के बदले अप्रार्थी सं0 2 को देगा। इसलिए प्रार्थी व अप्रार्थीगण सं0 1 ता 2 की सहमती अनुसार विवादित भूमि में प्रस्तावित रास्ता स्वीकार [illegible] के कारण प्रार्थना पत्र प्रार्थी स्वीकार किया जाता है।

Signature Not Verified
Digitally signed by Kalpit Shivran
Date: 2025.08.07 12:20:40 IST
Reason: Self Attested

अतः प्रार्थना पत्र प्रार्थी अन्तर्गत धारा 251 [illegible] आरटीएक्ट उपरोक्त विवेचानुसार स्वीकार किया जाता है तथा तहसीलदार भादरा को आदेशित किया जाता है कि अप्रार्थी सं0 1 राधेश्याम की चक 3 एनटीआर के मु0 न0 97 के किला न0 9 के पश्चिमी साईड किला लाईन के पास पास 3 बिस्वा चौडाई में 01 बिस्वा लम्बाई में यानि 0.039है0 उत्तर से दक्षिण एवं किला न0 12/2 में किला के पश्चिमी साईड किला लाईन के पास पास 3 बिस्वा चौडाई में 33 फीट यानि 04 बिस्वा भूमि की लम्बाई में यानि 0.010है0 उत्तर से दक्षिण रास्ता स्वीकृत किया जाकर व उक्त रास्ता की भूमि की एवज में प्रार्थी के नाम भूमि

से कम की जाकर अप्रार्थी सं0 1 के चिपते हुए दर्ज की जावे एवं अप्रार्थीया सं0 2 ारदा देवी की कृषि भूमि चक 3 एनटीआर के मु0 न0 97 के किला न0 2 में किला के श्चिमी साईड किला लाईन के पास पारा 3 बिस्वा चौडाई में 01 बिस्वा लम्बाई यानि 0. 39है0 भूमि उत्तर से दक्षिण रास्ता दर्ज किया जाकर राजस्व रिकार्ड दुरूस्त किया जावे।उक्त रास्ता की भूमि की एवज में अप्रार्थी सं0 1 के नाम भूमि में से कम की जाकर अप्रार्थी सं0 2 के चिपते हुए दर्ज की जावे। उपरोक्त रास्ता राजस्व रिकार्ड मे दर्ज कर राजस्व रिकार्ड दुरूस्त करे।

आज दिनांक 5/7/2025 को मेरे द्वारा लिखवाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(कल्पित शिवरान)
R.A.S
उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)
भादरा जिला हनुमानगढ़

Signature Not Verified

Digitally signed by Kalpit Shivran
Date: 2025.08.07 12:20:40 IST
Reason: SelfAttested